BC TRANSPLANT
Provincial Health Services Authority

# वैल्गनसायक्लोविर (VALGANCICLOVIR)

- इसे वैल्साइट ®, एपो-वैन्गनसायक्लोविर®, औरो-वैल्गनसायक्लोविर के नाम से भी जाना जाता है
- यह दवा खाने वाली गोली या पीने वाली दवा के रूप में उपलब्ध है।

## यह दवा कैसी दिखती है? (What does the medication look like?)

इस दवा के लिए कई ब्रांड हैं और हो सकता है कि आपको नीचे दिखाए गए ब्रांड जैसा अपना ब्रांड न मिले। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने ट्रांस्प्लांट फार्मासिस्ट से संपर्क करें।

**वैन्गनसायक्लोविर 450 मिग्रा गोली**




## यह दवा किस बीमारी के लिए है? (What is this medication for?)

यह एक एंटीवायरल दवा है। अधिकतर इसका उपयोग आमतौर पर कमज़ोर प्रतिरक्षा-प्रणाली वाले रोगियों (उदाहरण के लिए अंग ट्रांस्प्लांट के बाद) में CMV (साइटोमैगालोवायरस) नामक वायरल संक्रमण को रोकने या उसका इलाज करने के लिए किया जाता है।

## मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

| | | |
|---|---|---|
| | यह दवा **दिन में एक बार** लें<br>(उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे) | आपकी दवा का समय:<br>_______________________________________________ |
| | यह दवा **दिन में दो बार** लें<br>(उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे और रात 9 बजे) | आपकी दवा का समय:<br>_______________________________________________ |

- शरीर में अच्छी तरह जज़्ब करने के लिए यह दवा भोजन के साथ ली जानी चाहिए।
- यह दवा दिन में किसी भी समय ली जा सकती है और अपनी किसी भी अन्य दवा के तौर पर उसी समय ली जा सकती है। अपने शरीर में स्थिर मात्रा (दवा का स्तर) बनाए रखने के लिए इसे रोज़ाना एक ही समय पर लें।

## छूटी हुई ख़ुराक या उल्टी द्वारा निकली ख़ुराक (Missed Dose or Vomited Dose):

**यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है,** जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

**यदि** ख़ुराक लेने के 30 मिनट के भीतर **आपको उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो ख़ुराक दोबारा लें। नहीं तो, बस अपने अगले निर्धारित समय पर ख़ुराक लेते रहें।

## इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? (What are some possible side effects of this medication?)

| *दुष्प्रभाव* | **प्रबंधन** |
|---|---|
| ***मतली, उल्टी, दस्त*** | भोजन के साथ लें। यदि यह बने रहते हैं या बहुत परेशान करने वाले हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| ***वैल्गनसायक्लोविर आपके ख़ून की सफेद कोशिकाओं, लाल रंग की कोशिकाओं और प्लेटलैट्स की संख्या कम कर सकती है।***<br><br>***आप संक्रमण और ख़ून निकलने के बढ़े हुए जोखिम पर हो सकते हैं*** | आपके ख़ून की कोशिकाओं की संख्या की जांच करने के लिए ख़ून का आम नियमित टैस्ट किया जाएगा। यदि आपको इन में से कोई है, तो अपने डॉक्टर से पता लगाएं:<br>• संक्रमण के संकेत और लक्षण, जैसे बुख़ार या कंपकंपी, खांसी, गले में ख़राश या दर्द या पेशाब करने में कठिनाई<br>• ख़ून निकलने के संकेत, चोट लगना, जैसे काली, गहरे रंग की मल, ख़ून की उल्टी या पेशाब में ख़ून<br>• ख़ून की लाल कोशिकाएं घटने के संकेत, जैसे कमज़ोरी या थकान, थोड़े समय के लिए अचेत होना, चक्कर आना<br>• ख़ून की लाल कोशिकाएं घटने के संकेत, जैसे कमज़ोरी या थकान, थोड़े समय के लिए अचेत होना, चक्कर आना |